भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच

हिंदी सप्ताह का आयोजन

भा. कृ. अनु. प. - केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान के क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, भरूच में दिनांक 09 से 15 सितंबर 2025 हिंदी सप्ताह का आयोजन, किया गया| हिंदी सप्ताह का शुभारम्भ दिनांक 09/09/2025 को केंद्र के अध्यक्ष डा. अनिल आर. चिन्म्मलातपुरे तथा हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला द्वारा किया गया| सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन तथा भा. कृ. अनु. प. गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया| इसके पश्चात सभी कर्मचारियों द्वारा राजभाषा प्रतिज्ञा ली गयी| अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी भाषा का महत्त्व समझाया गया| अध्यक्ष महोदय द्वारा हिंदी के बारे में कई महत्वपूर्ण तथ्य भी बताये गए| डा. मोनिका शुक्ला द्वारा हिंदी सप्ताह के उपलक्ष्य में बताया गया कि भारतीय संविधान द्वारा 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में घोषित किया गया था| उन्होंने कार्यालय में लिखे एवं बोले जाने वाले दैनिक कार्यकलापों को हिंदी में करके हिंदी भाषा को बढ़ावा देने की बात कही| उन्होंने सभी कर्मचारियों को हिंदी सप्ताह के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया| इसके पश्चात उनके द्वारा हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं, इनके नियम, पुरस्कार राशि आदि के बारे में विवरण दिया गया|| दिनांक 09/09/2025 को निबंध लेखन तथा हिंदी टंकण की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं जिसमें सभी कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया| कर्मचारियों को दफ्तर के रोजमर्रा के कार्य अधिक से अधिक हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया गया| हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ने तथा हिंदी सप्ताह को और रोचक बनाने के लिए दिनांक 12 सितंबर 2025 को संस्थान परिसर में “हिंदी रैली” का आयोजन किया गया| इस रैली के लिए स्वरचित/ कहीं से कॉपी किये गए हिंदी नारे/वाक्य बोर्ड हाथ से लिखकर या प्रिंट लेकर आमंत्रित किये गए जिसमें सभी कर्मचारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया|

दिनांक 15/09/2025 को कर्मचारियों के लिए अन्य प्रतियोगिताएं आशुभाषण तथा प्रश्न मंच आयोजित की गयी| हिंदी सप्ताह का समापन समारोह दिनांक 19/09/2024 को केंद्र के सभागार में किया गया| इस दौरान हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने समारोह में उपस्थित समस्त वैज्ञानिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, तकनीकी अधिकारियों तथा कुशल सहायक कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत के साथ अभिनंदन किया| उन्होंने इस दौरान आयोजित की गयीं विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओं के बारे में विवरण दिया| हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित की गयीं सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को केंद्र के अध्यक्ष डा. अनिल आर. चिन्म्मलातपुरे के द्वारा प्रमाण पत्र तथा पारितोषिक वितरण किया गया| हिंदी समिति के सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने केंद्र की हिंदी समिति के सभी सदस्यों, को हिंदी सप्ताह के सफलता पूर्वक समापन की बधाई दी तथा उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया | इसके पश्चात् केंद्र के अध्यक्ष द्वारा हिंदी सप्ताह की समाप्ति के उपलक्ष्य में उद्बोधन दिया गया तथा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया| अंत में हिंदी समिति की सचिव डा. मोनिका शुक्ला ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया|

हिंदी सप्ताह (09 से 15 सितंबर 2025) पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं की सूची

पुरस्कार	निबंध लेखन	आशुभाषण	प्रश्न मंच	हिंदी टाइपिंग
प्रथम पुरस्कार	आकांक्षा विश्वकर्मा	बिश्वेसर गोरेन	नवीन कुमार	नवीन कुमार
द्वितीय पुरस्कार	बिश्वेसर गोरेन	मंजुलाबेन वसावा	बिश्वेसर गोरेन	अशोक चौधरी
तृतीय पुरस्कार	प्रज्ञा के पारेख	दिलीप कुमार वाघेला	अशोक चौधरी	आकांक्षा विश्वकर्मा
प्रोत्साहन पुरस्कार	मुर्तुजा खान पठान	मुर्तुजा खान पठान	आकांक्षा विश्वकर्मा	प्रज्ञा के पारेख

हिंदी सप्ताह उद्घाटन समारोह

निबंध लेखन प्रतियोगिता





हिंदी टंकण प्रतियोगिता

आशुभाषण प्रतियोगिता

पुरस्कार वितरण

हिंदी रैली

ICAR-CSSRI
ICAR-CENTRAL SOIL SALINITY RESEARCH INSTITUTE, RRS, BHARUCH (GUJ.)
हिन्दी सप्ताह
9 से 15 सितम्बर, 2025
भा.कृ.अनु.प. – केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, भरूच (गुजरात)

हिन्दी सप्ताह

हिन्दी सप्ताह
9 से 15 सितम्बर, 2025

हिन्दी सप्ताह
9 से 15 सितम्बर, 2025

ENTRAL SOIL SALINITY RESEARCH INSTITUTE, RRS, BHAR
हिन्दी सप्ताह
9 से 15 सितम्बर, 2025